सार-समाचार

'आमजन खाद्य पदार्थ तंबाकू एवं नशे संबंधित शिकायतें करें : सी.एम.एच.ओ.

बून्दी (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं टोबैको अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। आने वाले दिनों में कार्रवाई और अधिक गंभीरता से की जाएगी ताकि त्योहारी सीजन पर आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ मिल सके। सीएमएचओ डॉ ओ पी सामर ने बताया कि मुख्यत: खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अशुद्ध खाद्य पदार्थों, मिलावटी एवं अवधिपार खाद्य पदार्थ बेचान करने वालों पर कार्रवाई जारी है। जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग लगातार कार्रवाई करते हुए निरीक्षण एवं सैंपलिंग को बढ़ाया गया हैं। वहीं तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत खुला तंबाकू बेचने वालों के कोटपा खिलाफ अधिनियम के तहत कार्रवाई और सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने वालों के चलाना काटे जा रहे हैं। विभाग ने आमजन से पुन: अपील करते हुए कहा है कि वे इस मुहिम में साथ दें और खुला तंबाकू व नशा बेचने वालों की सूचना विभाग को दें। इसी तरह जहां भी अशुद्ध, मिलावटी व अवधिपार खाद्य सामग्री बेचने की आशंका हो, उसकी शिकायत अवश्य करें। आमजन 181 पर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। वहीं जिला कंट्रोल रूम 07472442895 पर भी शिकायत की जा सकती है।

बैंसला को देवली उनियारा से भाजपा प्रत्याशी घोषित करने की मांग

छबड़ा (निसं)। राजस्थान में सात विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव की तारीख 13 नवंबर घोषित हो गई है। इस निमित्त आगामी विधानसभा उपचुनाव में गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैसला को देवली उनियारा सीट से भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने के समर्थन में छबड़ा के एमबीसी गुर्जर समाज ने सर्व समाज के सहयोग से गुर्जर गाडरी धर्मशाला में बुधवार को एक बैठक का आयोजन किया, जिसमें एमबीसी गुर्जर समाज के साथ-साथ सर्व समाज के जनप्रतिनिधि, वरिष्ठजन एवं युवा साथियों ने प्रदेश भाजपा संगठन से उपचुनाव में बैसला को देवली उनियारा विधानसभा का प्रत्याशी घोषित करने की मांग उठाई है। यहां देवसेना गुर्जर समाज प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. गिर्राज गुर्जर, धनगर गुर्जर महासभा के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश धनगर, देवसेना जिला संयोजक मानसिंह गुर्जर, अमृतलाल गुर्जर बिंदाराडी, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष मोरसिंह गुर्जर, एनएसयूआई प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तनिष्क धनोरिया, राकेश गाडरी, अर्जुन सिंह इत्यादि दर्जनों लोग एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष गुर्जर ने बताया कि बैंसला गत विधानसभा चुनाव में सामान्य हार के बावजूद भी पिछले 8-9 महीने से देवली विधानसभा की मूलभूत समस्याओं के लिए एक अच्छे प्रतिनिधि के रूप में कार्य करते आ रहे हैं।

महिमा शर्मा सलूंबर विधानसभा उपचुनाव में सह प्रभारी नियुक्त

बूंदी (निसं)। आगामी विधानसभा उप चुनाव को देखते हुए भाजपा महिला मोर्चा द्वारा प्रदेश की सातों विधानसभाओं में महिला मोर्चा प्रभारी एवं सह प्रभारी की नियुक्तियां जारी की गई। महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष डॉ रक्षा भंडारी ने बूंदी निवासी भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश आईटी संयोजक महिमा शर्मा को सलूंबर उप चुनाव में सह प्रभारी नियुक्त करते हुए संगठन हित में कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उधर महिमा शर्मा को सलूंबर उप चुनाव सह प्रभारी नियुक्त किए जाने की खबर से महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं एवं महिमा समर्थकों में हर्ष की लहर दौड गई। कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महिमा शर्मा को सलूंबर उप चुनाव में सह प्रभारी बनाए जाने पर प्रदेशाध्यक्ष डॉ रक्षा भंडारी का आभार प्रकट किया। महिमा शर्मा ने कहा कि आगामी विधानसभा के मध्य नजर संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे बखूबी निभाने का प्रयास करुंगी। महिमा ने कहा कि मतदाता आगामी विधानसभा उप चुनाव में कमल खिलाने को तैयार बैठा है। महिमा ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुटता के साथ संगठन हित में कार्य करने तथा आगामी विधानसभा उप चुनाव की तैयारियों में जुटने का आव्हान किया है।

ठगी का आरोपी पर इनाम घोषित

रावतभाटा, (निसं)। ऑनलाइन गेमिंग के जरिये आम लोगों से ठगी करने के साइबर थाने पर दर्ज प्रकरण में फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर जिला पुलिस अधीक्षक ने 5 हजार रुपये के ईनाम की घोषणा की हैं। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि दुबई में बैठे कपासन निवासी बालमुकुन्द पुत्र कैलाशचन्द नाणी अपने साथी सुनिल वैष्णव उर्फ बाबा पुत्र दिनेश चन्द्र वैष्णव के साथ मिलकर जोगणीया बुक नाम की वेबसाइट तैयार कर ऑनलाइन गेम लोगो को खिलाकर धोखाधडी करने के मामले में जांच पुलिस उपाधीक्षक ग्रामीण चित्तौडगढ़ द्वारा की जा रही हैं। पुलिस ने पूर्व में धोखाधडी व आईटी एक्ट का अपराध प्रमाणित पाया जाने से दर्ज प्रकरण में 4 अक्टूबर को मुख्य आरोपी बालमुकुन्द पुत्र कैलाशचन्द इनाणी को गिरफ्तार कर लिया था, जिसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया था। मामले में वांछित कपासन निवासी सुनिल वैष्णव उर्फ बाबा पुत्र दिनेश चन्द्र वैष्णव की काफी तलाश की गई जिसका कोई पता नहीं चला। जिसकी गिरफ्तारी के लिए आमजन के सहयोग के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय से 5 हजार रुपये के ईनाम की घोषणा की गई है। मामले में आरोपी सुनील वैष्णव व अन्य शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

वन मंत्री के नाम ज्ञापन दिया

अंता (निसं)। अंता थानांतर्गत ग्राम पलायथा में स्थित अंता प्राचीन गणेश मंदिर के आस पास वन क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन से मंदिर क्षेत्र में भारी नुक़सान पहुंचने की आशंका है। इस अवैध खनन को शीघ्र बंद करने और दोषी लोगों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के दायित्ववान कार्यकर्ताओं ने उपखंड अधिकारी अंता संजना जोशी को वन मंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। यह जानकारी विश्व हिन्दू परिषद अंता के अध्यक्ष चन्द्र सिंह गौड ने देते हुए बताया कि समय रहते प्रशासन ने इस क्षेत्र में हो रही अवैध खनन कीकार्यवाही पर तुरंत रोक नहीं लगाई तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में राजेश शर्मा सहमंत्री, हेमराज मालव जिलाध्यक्ष, कृपाशंकर दाधीच, चंद्र सिंह गौड नंदकिशोर नायक एडवोकेट आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दो फर्मों को कारण बताओ नोटिस

छबड़ा (निसं)। सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) चौथमल मीणा द्वारा बुधवार को कृषि आदान विक्रेता फर्मों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं उर्वरक अनुज्ञापत्र में दी गई शर्तों का उल्लंघन पाये जाने पर दो फर्मों को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया। साथ ही आदानों की गुणवत्ता जांच के लिए चार उर्वरकों के नमूने आहरित किए गए। निरीक्षण के दौरान आदान विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि डीएपी उर्वरक की जगह सिंगल सुपर फास्फेट एवं यूरिया उर्वरक के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए एवं कृषकों को जबरदस्ती कोई भी अन्य उत्पाद नहीं दिया जाए।

शिविर में 75 रोगी लाभान्वित

बूंदी (निसं)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रजत गृह बूंदी द्वारा बीबनवा रोड वार्ड नंबर 27 स्थित शक्ति भवन में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 75 मरीज लाभान्वित हुए। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. मोहन लाल वर्मा और डॉ. ओ. पी. वर्मा मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर परामर्श दिया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं का परीक्षण कर दवाएं वितरित की गई। साथ ही नि:शुल्क जांच व टीकाकरण भी किया गया। शिविर में हेल्थ मैनेजर मुरारी प्रसाद मीणा, जीएनएम यश सक्सेना, राकेश मीणा, अनिल सोनी, एएनएम आरती शर्मा, डेंटल असिस्टेंट अनिल माहुर, हेल्पर अख्तर रसूल, आशा सहयोगिनी आभा सिंह और अनीता प्रजापत ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

बूंदी (निसं)। आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं समाधान के लिए जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा 17 अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी।

ग्रामीणों से भरी पिकअप पलटी, एक दर्जन लोग घायल

छबड़ा (निसं)। मदनाखेड़ी से छबडा आ रही ग्रामीणों से भरी पिकअप छबड़ा कुंभराज सड़क मार्ग पर मोरला पठार पर असंतुलित होकर पलट गई, जिसमें सवार एक दर्जन से अधिक ग्रामीण घायल हो गए, जिनमे आधा दर्जन गंभीर घायलों को उपचार के बारां रैफर कर दिया है। पाली थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पाली थाने के हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र गालव ने बताया कि मदनाखेडी से

- मोरला पठार पर असंतुलित होकर पलटी पिकअप
- घायल लोगों को बारां रैफर किया

छबड़ा चिकित्सालय में मरीजों का उपचार किया गया।

छब डा की तरफ आ रही पिकअप मोरला पठार पर असंतुलित होकर पलट जाने से उसमे सवार मंजू बाई (18) पुत्री जगना बंजारा,भूरी बाई पत्नी बाबूलाल बंजारा, लक्ष्मीबाई (18) पुत्री नन्नूलाल खेरवा, किशनी बाई (60) पत्नी कालूराम बंजारा, जमनाबाई (40) पत्नी रूपसिंह बंजारा की हालत गंभीर होने के कारण बारां रैफर किया गया है।

वही, बुन्देल पुत्र बंशीलाल खेरवा, गिर्राज पुत्र भैरूलाल खेरवा, लल्ली बाई पत्नी कैलाश बंजारा, भगवती बाई पत्नी रामलाल, दिनेश पुत्र रामलाल, खेमी बाई पत्नी नवल, अम्मी बाई पत्नी मन्नालाल, संता बाई पत्नी रामलाल का छबडा चिकित्सालय में प्राथमिकी उपचार किया गया। सभी घायल पाली थाना अंतर्गत गांव मदनाखेडी निवासी है।

पैरा औलम्पिक सुन्दर गुर्जर का स्वागत किया

कोटा, (निसं)। पैरा ओलम्पिक सुन्दर गुर्जर का मेडल जीतकर प्रथम बार कोटा आगमन हुआ। मीडिया प्रभारी अंकित गोचर ने बताया कि पैरा ओलम्पि सुन्दर गुर्जर के 2024 के पैरा ओलम्पिक खेलों में मेडल जीतने के बाद प्रथम बार कोटा आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गुर्जर समाज के लोगो द्वारा मालाफाटक क्षेत्र के आरोबी से एक जूलूस के रूप में उनको लाया गया सभी समाजों द्वारा जगह-जगह पर उनका स्वागत माला व साफा पहनाकर किया गया।

गुर्जर समाज की महिलाओं ने अपनी पारम्परिक वेशभूषा पहनकर सुन्दर गुर्जर के स्वागत में गीत गाया। स्वागत रैली में सभी समाज के युवाओं का जोश देखने लायक था। युवाओं द्वारा सुन्दर गुर्जर के साथ फोटो खिचवाने के होड़ सी लगी रही। इस अवसर पर सुन्दर गुर्जर द्वारा गुर्जर समाज के कैलेण्डर का भी विमोचन किया गया। इस कैलेण्डर के 12 पृष्ठों पर भगवान देवनारायण के 12 अलग-अलग रूपों को दर्शाया गया है। यह स्वागत रैली मालाफाटक देवनारायण पर एक सभा के रूप में खत्म हुई। इस सभा में प्रबुद्धजनों द्वारा सुन्दर गुर्जर का साफा व माला पहनाया गया और मेडल जीतने पर बधाई दी। इस मोके पर सुन्दर गुर्जर ने कहा कि मै भी आपकी ही तरह साधारण युवा हूं। जब में आपकी उम्र का था तो मेरे पिताजी मुझसे झगड़ा किया करते थे कहा करते थे कि आगे क्या करेगा। पर मेरे मन में कुछ अलग ही करने का था उस समय ओलम्पिक खेलो का आयोजन चल रहा था और सुशील कुमार ने देश के लिए मेडल जीता। मैने भी मन में कुछ ऐसे ही करने की ठानी और खेल की तैयारी करने लग गया। शुरूआती दौर में लोग कहने लगे कि यह क्या भाला फैंकने का खेल है। लोग मेरा मजाक बनाने लगे पर मैने उन ध्यान नहीं दिया। और केन्द्र में खेला और नेशनल खेला और मेडल जीता और तब मैने सोच लिया कि नेशनल जीत सकता हूं तो ओलम्पिक में देश के लिए मेडल भी जीत सकता हूं और फिर मैने ओलम्पिक में गोल्ड जीता ओर वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया। मेरी सफलता का श्रेय कोच महावीर सैनी को देना चाहता हूं जिन्हे पिछले वर्ष द्रोणाचार्य अवार्ड से नवाजा गया। मैं 2017 में वर्ल्ड चौम्पियन रहा और 2019 में भी वर्ल्ड चौम्पियन रहा। मेरे द्वारा एशियन गेम्स में भी गोल्ड जीते गए। मैं सभी युवाओं से कहना चाहता हूं कि काम ऐसा करों जिसे सभी लोग देखे।

द्वितीय राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेन्स राजफेमटीकॉन-24 का आयोजन 18-19 अक्टूबर को

कोटा, (निसं)। 18-19 अक्टूबर 2024 को राजस्थान एकेडेमी आफ फोरेन्सिक मेडिसिन के तत्वावधान में फोरेन्सिक मेडिसिन विभाग चिकित्सा महाविद्यालय कोटा द्वारा द्वितीय राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेन्स (राजफेमटीकॉन-24) का आयोजन किया जा रहा है। कान्फ्रेन्स का आयोजन होटल मेनाल रेजीडेन्सी कोटा में किया जाएगा।

- कई शहर और प्रदशों के फोरेन्सिक मेडिसिन विषय के फैकल्टी मेम्बर्स व रेजीडेन्ट डॉक्टर्स उपस्थित होंगे

डॉ.अशोक मूंदड़ा, वरिष्ठ आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग, मेडिकल कॉलेज, कोटा ने बताया कि कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन 18 अक्टूबर 2024 को प्रातरू 10 बजे हीरालाल नागर, ऊर्जा मंत्री, राजस्थान सरकार, संदीप शर्मा विधायक कोटा दक्षिण, डॉ.अमृता दुहन पुलिस अधीक्षक कोटा शहर एवं डॉ.संगीता सक्सेना प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक मेडिकल कॉलेज कोटा द्वारा किया जाएगा।

डॉ. मूंदड़ा ने बताया कि कान्फ्रेन्स में कुल 175 डेलीगेट ने रजिस्टेशन करवाया है। इनमे हरियाणा, पंजाब, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, गुजरात आदि प्रदेशों से भी फोरेन्सिक मेडिसिन विषय के फेकल्टी मेम्बर्स व रेजीडेन्ट डॉक्टर्स उपस्थित होंगे। कॉन्फ्रेस के दौरान दो दिन में कुल 15 गेस्ट लेक्चर होंगे। साथ ही पीजी छात्रों के कुल 40 पोस्टर व पेपर का प्रजेन्टेशन किया जाएगा साथ ही फेकल्टी वर्ग में भी पेपर प्रजेन्टेशन किया जाएगा। सभी संवर्गों में प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को 2100, 1100 व 500 रुपए नकद पुरस्कार मेडल व सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे।

फैकल्टी वर्ग में फीपेपर संवर्ग में 11 पेपर का प्रजेन्टेशन किया जाएगा साथ ही सभी प्रतिभागियों को चम्बल रिवर फ्रंट का भ्रमणभी कराया जाएगा ताकि कोटा की सुन्दरता को सभी जगह पहुंचाया जा सके। कॉन्फ्रेस के दौरान 18 अक्टूबर 2024 को पेनल डिस्कसन कर कोटा में होने वाली कोचिंग छात्रों की आत्महत्या के विषय पर विचार-विमर्श किया जाएगा। कॉन्फ्रेस में डॉ. योगेन्द्र मलिक सदस्य, नेशनल मेडिकल कमीशन नई दिल्ली विशेष रूप से उपस्थित होकर चिकित्सकीय लापरवाही पर व्याख्यान देगें। कॉन्फ्रेस में डॉ. हरीश दासारी (चण्डीगढ़), डॉ. कुलदीप कुमार (अमृतसर), डॉ. एसके धतरवाल (रोहतक), डॉ.जितेन्द्र जाखड़ (रोहतक), डॉ. रिचा गुप्ता (आगरा), डॉ. अंजू रानी (नोएडा), डॉ.निधि सचदेवा (जबलपुर), डॉ. अरीजीत दत्ता (करमसद), डॉ.योगेन्द्र बंसल (चंडीगढ़) डॉ.दीपाली पाठक (जोधपुर) एवं डॉ.आरके माथुर (अजमेर), डॉ.ओपी सैनी (बीकानेर), डॉ.शिवरतन कोचर (सीकर) आदि भी अपनी उपस्थिति देंगे।

कॉन्फ्रेस में तीन वरिष्ठ चिकित्सकों को लाईफ टाईम अचीवमेन्ट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। कॉन्फ्रेस से पूर्व 6 अक्टूबर 2024 को समस्त राजस्थान के 115 एमबीबीएस छात्रों की एक क्विज का आयोजन किया गया था। इसमें ध्रुव चौधरी प्रथम स्थान, सवाई कुमावत द्वितीय स्थान एवं भूमी शर्मा तृतीय स्थान प्राप्त कर विजेता रहे है। इन्हें भी नकद पुरस्कार व मेडल प्रशस्ती पत्र प्रदान किया जाकर सम्मानित किया जाएगा।

कॉन्फ्रेंस के सफल आयोजन के लिए समिति का गठन किया गया है जिसमें डॉ.संगीता सक्सेना संरक्षक डॉ.अशोक मून्दड़ा आयोजन अध्यक्ष, आयोजन उपाध्यक्ष डॉ.दीपक शर्मा, आयोजन सचिव विनोद गर्ग, कोषाध्यक्ष डॉ.लाल चन्द वर्मा, डॉ.दीपाली पाठक साइन्टिफिक कमेटी, डॉ.अमित जोशी संयोजक, डॉ.सचिन मीणा संयोजक, डॉ.अरूण शर्मा संयोजक हैं। इस अवसर पर डॉक्टर विनोद गर्ग डॉ.लालचंद वर्मा, डॉ.सचिन मीणा, डॉ.अरुण शर्मा, डॉ.काव्या, डॉ.मोनिशा, डॉ.चंद्रशेखर, डॉ.गिर्राज सहित कई डॉक्टर उपस्थित रहे।

अवैध खनन के मामलों में एफ.आई.आर. दर्ज कर कार्रवाई की जाए : जिला कलेक्टर

कोटा, (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी ने कहा कि अवैध खनन के मामलों में एफआईआर दर्ज कर जहां अवैध खनन किया जा रहा है वहां कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि बजरी का अवैध परिवहन के प्रकरण में ट्रक जब्त करने तक कार्रवाई सीमित न हो बल्कि जहां से अवैध खनन कर बजरी लाई जा रही थी उसका पता लगाया जाए। डॉ.गोस्वामी बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अवैध खनन पर रोकथाम के संबंध में गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए माइनिंग, पुलिस, परिवहन विभाग एवं उपखंड अधिकारी मिलकर प्रभावी कार्रवाई करें। जिला कलक्टर ने इटावा, रामगंजमंडी एवं दीगोद उपखंड अधिकारियों को एसडीएम लेवल की टास्क फोर्स की प्रत्येक सप्ताह बैठक आयोजित करने के निर्देश दिऐं। उन्होंने कहा कि अवैध खनन के प्रकरणों में अधिक से अधिक एफआईआर दर्ज कर सोर्स का पता लगाएं और वहां कार्रवाई करें। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही जहां से अवैध खनन कर बजरी परिवहन किया जा रहा है उसके बारे में जानकारी संबंधित एसडीएम को देने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने अवैध खनन के साथ भंडारण एवं ट्रांसपोर्टेशन की भी मॉनिटरिंग प्रभावी रूप से करने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध खनन के हॉटस्पॉट चिन्हित कर एक्शन लेने को कहा। डॉ.गोस्वामी ने कहा कि उपखंड अधिकारी, खान विभाग, पुलिस एवं परिवहन विभाग का संयुक्त दल अवैध खनन की रोकथाम के लिए निगरानी तंत्र विकसित कर प्राप्त इनपुट के आधार पर कार्यवाही करें।

उन्होंने अवैध खनन रोकने के लिए अभी तक की गई कार्यवाही के बारे में खान विभाग, पुलिस, परिवहन विभाग एवं उपखंड अधिकारियों से जानकारी ली। बैठक में खान विभाग के अभियंता ने बताया कि अवैध खनन के प्रकरणों में 1 जनवरी से अभी तक 111 प्रकरण दर्ज किए गऐं। इनमें से 13 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज की गई है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि बजरी ओवरलोड के 12 मामलों में कार्रवाई की गई। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि खनन गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाए और सूचनाओं को साझा करते हुए सोर्स पर प्रभावी कार्यवाही की जाए।

बैठक में एसडीएम इटावा नयन गौतम (आईएएस प्रोबेशनर), अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर अनिल सिंघल, एसडीएम रामगंजमंडी नीता वसीटा, एसडीएम दीगोद दीपक महावर, एसडीएम लाड़पुरा गजेन्द्र सिंह, एसडीएम सांगोद, खनन अभियंता रामनिवास मंगल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रामकल्याण, पुलिस उप अधीक्षक कोटा शहर लोकेन्द्र पालीवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

पालिका कार्यालय का निरीक्षण किया

रामगंजमंडी (निसं)। उपनिदेशक (क्षेत्रीय) स्थानीय निकाय विभाग कमल कुमार मीणा द्वारा 16 अक्टूबर बुधवार को रामगंजमंडी पालिका कार्यालय में निरिक्षण किया गया। जिसके दौरान समस्त शाखाओं की पत्रावलियों की जाँच एवं प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली गई।जिसमें कोई प्रकरण लम्बित ना रहे साथ ही सभी पत्रावलियों व दस्तावेज व्यवस्थित तरीके से संधारित किए जाने के निर्देश प्रदान किये गये और सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश दिये।साथ ही पालिका क्षेत्र में सफाई निरिक्षण किया इस दौरान बाजारो में दोपहर व शाम को कचरा संग्रहण वाहन चलाये जाने के निर्देश दिये गये एवं खाली भूखंडों में फेल रही गंदगी को हटाने हेतु भूखण्ड मालिकों को बाउण्ड्री नीव कुर्सी कराऐ जाने हेतु नोटिस पत्र से सूचित किए जाने के निर्देश प्रदान किए।शहर के अंदर कचरा का कोई कचरा पॉईन्ट नही होना चाहिए सम्पूर्ण कचरे का निस्तारण उसी दिन कराऐ जाने के भी निर्देश प्रदान किए गये। नवनिर्मित एफ.एस.टी.पी. प्लान्ट, एम. आर. एफ. प्लान्ट, आश्रय स्थल एवं मुख्य बाजारों सहित वार्डों का निरिक्षण किया।

दबलाना उपतहसील कार्यालय का निरीक्षण

बूंदी (निसं)। जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने बुधवार को हिंडोली उपखंड क्षेत्र के दबलाना उप तहसील कार्यालय एवं दबलाना पीएचसी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उप तहसील कार्यालय कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि गैर खातेदारी से खातेदारी , बकाया नामान्तरकरण व 91 के प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। साथ ही आमजन को केन्द्र व राज्य सरकार योजनाओं का अधिकाधिक लाभ दिया जाए।

उन्होंने पंजीयन के संबंध में जानकारी लेकर निर्देश दिए कि मौका देखकर ही पंजीयन किया जाए। इस दौरान जिला कलेक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात से क्षितग्रस्त उप तहसील कार्यालय की चार दीवारी की मरम्मत कराई जाए।

जिला कलेक्टर ने दबलाना पीएचसी पहुंचकर यहां आमजन को दी जा रही चिकित्सा सुविधा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने

बूंदी जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने हिंडोली उपखंड क्षेत्र के दबलाना उप तहसील कार्यालय एवं दबलाना पी.एच.सी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

पीएचसी में मिली कमियों को तुरंत दूर करने के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दूरभाष पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार रघुराज सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सार-समाचार

संतों का आशीर्वाद लिया

कोटा, (निसं)। अखिल ब्राह्मण महासभा एवं भारत विकास परिषद की माधव शाखा के पदाधिकारियों ने देव दर्शन किए और गुरूदेव बड़ाभक्तमाल पीठाधीश्वर अयोध्याजी एवं रामधाम सेवा आश्रम ट्रस्ट कोटा के संरक्षक स्वामी अवधेशाचार्य महाराज का सानिध्य अयोध्या में पाकर देव दर्शन किए। अखिल ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष लहरी शंकर गौत्तम व महामंत्री नंदकिशोर ने बताया कि इस दल में 15 सदस्य दल शामिल रहे। माधव शाखा के सचिव मुकेश गर्ग ने बताया कि यात्रा में काशी विश्वनाथ, चित्रकूट, बागेश्वर धाम बालाजी, ओरछा के दर्शन भी किए और यह दल 18 अक्टूबर को कोटा के लिए रवाना होगा। महासभा के अध्यक्ष लहरी शंकर गौत्तम और महामंत्री नंदकिशोर ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में एकता और सद्भाव बढ़ाने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में भाग लेकर सभी सदस्यों ने धार्मिक भावना को मजबूती प्रदान की है। जिससे समाज में ब्राह्मण जाति की संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। दल ने सरयू नदी के तट पर महाआरती में भी भाग लिया और हनुमान गढ़ी के दर्शन कर आश्रम भ्रमण किया। दल में मार्गदर्शक पंडित राम अवतार शास्त्री, गोपाल शर्मा, नरेश चंद्र गौतम, राम दयाल गौतम, राजेंद्र मोहन गौतम, विजय भारद्वाज, रघुनंदन गौतम, उर्मिला शर्मा, गीता शर्मा, सावित्री गौतम, प्रियंका गौतम मोक्षा शर्मा, दर्शन शर्मा आदि सभी यात्रियों शामिल रहे।

डी.आर.एम. ने यात्रियों से संवाद किया

कोटा, (निसं)। मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी की अध्यक्षता में 16 अक्टूबर को कोटा रेलवे स्टेशन पर रेल चौपाल का आयोजन किया गया। इस रेल चौपाल का आयोजन भारतीय रेल द्वारा स्वच्छता अभियान 4.0 के सिलसिले में आयोजित किया जा रहा है। रेल चौपाल के माध्यम से डीआरएम ने रेलवे यात्रियों से सीधा संवाद किया और साफ-सफाई को लेकर उनका फीडबैक को जाना। अधिकांश रेल यात्रियों ने रेलवे के प्रयासों को सराहा और स्वच्छता के लिए उठाए गए कदमों के प्रति संतुष्टि जाहिर की और स्वच्छता को लेकर अपने बहुमूल्य सुझाव भी दिए। डीआरएम ने रेल चौपाल के माध्यम से रेल यात्रियों द्वारा प्राप्त सुझाओं, फीडबैक एवं समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए बेहतर यात्री सुविधाओं को मुहैया कराने का आश्वाशन दिया। इस रेल चौपाल का आयोजन सवाई माधोपुर में 17 अक्टूबर, गंगापुर में 18 अक्टूबर, हिंडौन सिटी में 21 अक्टूबर, बयाना में 22 अक्टूबर, भरतपुर में 23 अक्टूबर, बून्दी में 24 अक्टूबर, रामगंजमंडी में 25 अक्टूबर एवं शामगढ़ में 28 अक्टूबर को किया जाएगा। इस अवसर पर एडीआरएम आर आर के सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुप्रकाश, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर आरके मीना, स्टेशन निदेशक पी एल मीना, अन्य अधिकारीगण एवं बडी संख्या में रेल यात्री उपस्थित थे।

'किसान ऊर्जा पम्प संयंत्र अनुदान का लाभ लें'

कोटा, (निसं)। प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) कम्पोनेन्ट-बी अंतर्गत कृषकों को हाइटेक उद्यानिकी, कृषि कार्य सिंचाई के लिए वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में 3, 5 व 7.5 एचपी क्षमता तक स्टैण्ड अलोन सोर ऊर्जा पम्प संयंत्र अनुदान पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उप निदेशक उद्यान एन.बी. मालव ने बताया कि कृषक 10 एचपी क्षमता के सोलर पम्प संयंत्र की भी स्थापना कर सकते हैं परन्तु अनुदान सहायता 7.5 एचपी तक ही देय होगी। उन्होंने बताया कि किसान राजकिसान साथी पोर्टल पर ई-मित्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। किसान के पास न्यूनतम 0.4 हैक्टेयर का भू-स्वामित्व आवश्यक है। विद्युत कनेक्शन न होने का स्वघोषित शपथ पत्र, किसान का जन आधार कार्ड, स्वघोषित सिंचाई जलस्त्रोत आदि की आवश्यकता होगी। उन्होंने बताया कि सोलर पम्प पर कृषकों को 60 प्रतिशत अनुदान देय होगा। अनुसूचित जनजाति व अनुसूचित जाति के कृषकों को 45 हजार रूपये का अतिरिक्त अनुदान देय होगा। उन्होंने बताया कि विद्युत कनेक्शन नहीं होने की स्वघोषणा एवं जल स्रोत होने का शपथ पत्र होने पर ही कृषक पात्र होगा।

युवक ने आत्महत्या की

कोटा, (निसं)। रामपुरा कोतवाली थाना इलाके में सारे बाजार एक युवक के आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। युवक ने डिवाईडर पर लगे पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना पर बाजार के आसपास काफी जाम लग गया। यह घटनाक्रम भी जयपुर गोल्डन के नजदीक हुआ जिसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। रामपुरा कोतवाली थाना अधिकारी बृजबाला सिंह का कहना है कि शव को रिकवर कर अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया गया है। लड़के के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। उसके हाथ पर धनराज लिखा हुआ है और उम्र करीब 25 से 28 वर्ष के बीच है।

तंबाकू से मुक्त रहने की शपथ दिलाई

रावतभाटा, (निसं)। तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 के अंतर्गत बुधवार को रावतभाटा उपखंड में विभिन्न विद्यालयों में चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों द्वारा विद्यार्थियों को तंबाकू से मुक्त रहने की शपथ दिलाई गई। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें इस प्रकार के नशीले पदार्थों से दूर रखना है। चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों द्वारा विद्यालयों में जाकर छात्रों को तंबाकू मुक्त जीवन का संकल्प दिलवाया गया।

आज विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

रावतभाटा, (निसं)। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड रावतभाटा के अभियंता महावीर बैंसला ने जानकारी देते हुए बताया कि दीपावली त्यौहार को मध्यनजर रखते हुए गुरूवार को 11 केवी आरएपीपी फ़ीडर पर मरम्मत व पेडों की छटा के चलते गणेश नगर, बालाजी नगर, शिव कॉलोनी व गुर्जर बस्ती की विद्युत आपूर्ति प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक बाधित रहेंगी।

जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

कोटा, (निसं)। जिला स्तरीय जनसुनवाई व जिला जन अभियोग सतर्कता समिति की बैठक गुरूवार, 17 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे से आयोजित की जाएगी। जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी आमजन के परिवाद सुनेंगे एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे।